# कोरियर कम्पनी के कर्मचारियों से 60 लाख रु. के जेवर व डायमंड लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन जनवरी को इलाके में कोरियर कम्पनी के कर्मचारियों से हुई 60 लाख रुपये के सोने चांदी व डायमंड लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया माल और वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि कोरियर कम्पनी में काम करने वाले एक कर्मचारी ने ही ही लूट का प्लान बनाया था। उसने अपने चार साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अन्य आरोपित के सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञानचंद यादव ने बताया कि तीन जनवरी को इलाके में गोपालपुरा पुलिया के नीचे दिन-दहाड़े लाखों रुपये के सोने चांदी व डायमंड लूटने वाले चेतराम गुर्जर (36) निवासी गांव बामनवास जिला गंगापुर सिटी, रामकेश गुर्जर (27) निवासी ग्राम लालसोट जिला दौसा, लेखराज गुर्जर (23) लालसोट जिला दौसा और सागर मीणा (25) निवासी बामनवास जिला गंगापुर सिटी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।



बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया माल और वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन जब्त किया है।
- पुलिस वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है।

उन्होंने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी लेखराज बैरवा उर्फ फौजी फरार चल रहा है। उसकी तलाश जारी है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिए एयरपोर्ट से ही स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर कोरियर कम्पनी के कर्मचारियों का पीछा किया। फिर टोंक रोड पर गोपालपुरा पुलिया के नीचे उतरते समय कार को कम्पनी के कर्मचारियों की स्कूटी के आगे लगाकर घटना को अंजाम दिया गया।

कोरियर कंपनी में काम करने वाले आरोपित कर्मचारी सागर मीणा ने ही लूट की योजना बनाई थी। उसको एयरपोर्ट से आने वाले कोरियर डिलीवरी के बारे में पूरी जानकारी थी। उसने प्लान बनाकर अपने चार साथियों को लूट की वारदात में शामिल किया। उसने अपने चार अन्य साथियों को मिलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस वारदात के बाद पुलिस के आलाधिकारी के निर्देशन में एक टीम गठित की। पुलिस टीम ने लगातार कड़ी मेहनत करते हुए घटनास्थल गोपालपुरा पुलिया से लेकर मंडावरी लालसोट तक सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर आरोपियों को चिन्हित किया। कार पर लगे टैटू को लेकर पुलिस को क्लू हाथ लगा। टैटू से कार की पहचान आसान हो गई।

100 से अधिक सीसीटीवी फुटेजों को खंगालते हुए लुटेरों को ढूंढते पुलिस दौसा के मण्डावरी लालसोट जा पहुंची। लोकल पुलिस से मदद लेने पर बामनवास निवासी चेतराम गुर्जर की कार होने का पता चला।

जांच में सामने आया कि वह पिछले 14-15 दिन से घर नहीं आया है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर तुंगा इलाके में साथी लुटेरों के साथ कार में घूमते रविवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।

# श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा विशिष्टोत्सव के उपलक्ष्य में राजभवन हुआ विशेष कार्यक्रम

**जयपुर**। श्री राम जन्म भूमि में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा विशिष्टोत्सव का राजभवन में अयोध्या से विशेष प्रसारण हुआ। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पूरे देश के लिए हर्षोल्लास का, आनंद का और राममय होने का गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने राम लल्ला के मंदिर में विधिवत विराजने की सभी को बधाई देते हुए भगवान श्री राम से देशवासियों की खुशहाली और सदा मंगल की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

अयोध्या मंदिर निर्माण और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की राजभवन के दरबार हाल से सीधे प्रसारण के बाद पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक अभिजीत घोषाल का "राम भजन प्रवाह" कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

- अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति से राममय होने का पर्व : मिश्र



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखा।

अभिजीत ने राम की महिमा और उनके जीवन आलोक से जुड़ी मनभावन भजन प्रस्तुतियां दी। अभिजीत घोषाल ने राम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर मनाए गए उत्सव से जुड़े गान "श्री राम आए, रघुनंदन हम गाएं, उनके स्वागत में हम दीप जलाएं..." से राम भजन प्रवाह का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने "श्री राम के शरणागत हो लें, सब काम बन जाए.. हे राम, हे राम..." की सुमधुर प्रस्तुति देते हुए सभी को राममय कर दिया। उन्होंने लक्ष्मणाचार्य लिखित "रघुपति राघव राजा राम" की भी प्रस्तुति दी। उनके साथ ही उपस्थित जन भी समवेत स्वरों में इस भजन को गाते हुए भाव विभोर हो उठे। इसके बाद उन्होंने "श्री राम शोभा नाम", "श्री राम लल्ला", "गंगा महिमा", "शिव महिमा गान" और अन्य सांगीतिक भजन प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों को भक्ति भावों से सराबोर री कर दिया। भजन प्रवाह के बाद राज्यपाल कलराज मिश्र ने कलाकार अभिजीत घोषाल को शाल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। राज्यपाल के मुख्य सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने आगंतुक गणमान्य लोगों की अगवानी की।

# परिवहन दस्ते पर हमले करने वाले तीन गिरफ्तार

**जयपुर**। सेज थाना पुलिस ने 21 जनवरी को वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन दस्त पर हमले करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक बस और इनोवा कार भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम संजीव नैन ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने 21 जनवरी को वाहन चेकिंग के दौरान परिवहन दस्त पर हमले करने वाले कमल कुमार शर्मा,मुकेश कुमार शर्मा,और बाबूलाल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है और तीनों ही आरोपित भंभोरिया सेज के रहने वाले है।

# करधनी में ब्याज माफिया से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**जयपुर**। करधनी इलाके में ब्याज माफिया से परेशान होकर फांसी का फंदा लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ने थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि नवलगढ़ झुंझुनू निवासी बाबूलाल सैनी (40) ने आत्महत्या की है जो गोविंदपुरा करधनी में किराए के कमरे में रहकर लोहे की फैबरिकेशन का काम करता था। जिसने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। अगले दिन सुबह कमरे से बाहर नहीं निकलने पर पड़ोसी साथी पहुंचे तो कमरे में बाबूलाल का शव फंदे से लटका मिला। आत्महत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फंदे से शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया।

# अयोध्या का श्रीराम मंदिर प्रत्येक भारतवासी के लिए गौरवान्वित क्षण : सतीश पूनियां

## पूनिया ने गोविंददेवजी मंदिर में संतों, भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा

**जयपुर** (कासं)। पवित्र नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर में चांदपोल स्थित भगवान रामचंद्र जी मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन कर प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की और मंदिर जयश्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा।

अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सतीश पूनियां ने जयपुर के आराध्य भगवान गोविंद देवजी मंदिर में संतों, जयपुरवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एलईडी स्क्रीन पर लाइव देखा और कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान का पवित्र दिन प्रत्येक सनातनी और भारतवासी के लिए सौभाग्यशाली और गौरवान्वित क्षण है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष, बलिदान और त्याग के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के भव्य मंदिर निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक इस लम्बी यात्रा में असंख्य कार सेवकों का योगदान रहा, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता से राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसके 140 करोड़ भारतीय साक्षी बने हैं। साथ ही मोदी सरकार ने दृढ़ संकल्प से देश के बुनियादी और वैचारिक मुद्दों के समाधान से पूरी दुनिया में भारत का स्वाभिमान बढाने का कार्य किया है और कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये मोदी सरकार कार्य कर रही है।

# प्रदेश से बाहर की विधवा अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में प्रदेश से बाहर की विधवा अभ्यर्थियों को अधिक अंक के बावजूद नियुक्ति नहीं देने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

अदालत ने राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि प्रदेश से बाहर की विधवा महिला अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की क्या मंशा है? जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश सुनीता कुमारी व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि यदि राज्य सरकार की ओर से जवाब नहीं दिया जाता तो 24 जनवरी को संबंधित अधिकारी पेश होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण पेश करे।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामप्रताप सैनी और अधिवक्ता आमिर खान ने अदालत को बताया कि अदालत की ओर से नोटिस जारी करने के बाद अब तक चार बार प्रकरण की सुनवाई हो चुकी है, लेकिन राज्य सरकार और कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से अब तक अपना जवाब पेश नहीं किया गया है। दो माह पूर्व भी राज्य के महाधिवक्ता ने पेश होकर कहा था कि याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति देने पर विचार किया जाएगा। इसके बावजूद भी तक तक इस संबंध में अदालत को लिखित जानकारी नहीं दी गई। याचिका में कहा गया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 दिसंबर, 2022 को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मांगे। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने विधवा कोटे में आवेदन किया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता प्रदेश से बाहर की विधवा महिलाएं हैं। उनके अंक सामान्य विधवा अभ्यर्थियों से अधिक आए हैं। इसके बावजूद भी उन्हें नियुक्ति नहीं दी जा रही है। जबकि उनसे कम अंक रखने वाली कई अन्य महिला अभ्यर्थियों को करीब तीन माह पूर्व नियुक्ति दी जा चुकी है। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को इस संबंध में अपनी मंशा बताने को कहा है।

# जे.डी.ए. को 700 करोड़ रु. देने वाली नींदड़ योजना पिछले 5 सालों से ठंडे बस्ते में पड़ी

## इस योजना के लिए जमीन गवां देने वाले किसानों को भी मुआवजे का लंबे समय से इंतजार

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण के खजाने में 700 करोड रुपए देने वाली सीकर रोड की पॉश 'नींदड़ योजना' पर पिछले कांग्रेस राज में कोई काम नहीं हुआ। जेडीए के जिम्मेदार अधिकारी इस योजना को लेकर लापरवाह हैं, नतीजन पिछले 5 सालों से यह स्कीम तो ठंडे बस्ते में पड़ी है ही, दूसरी तरफ जिन किसानों ने जमीन गवां दी, उन्हें भी मुआवजे का लंबे समय से इंतजार है। भाजपा सरकार आने के बाद अब किसानों को मुआवजा की उम्मीद बंधी है, साथ ही योजना के जमीन पर उतरने की संभावना है।

- सीकर रोड पर हरमाड़ा के नजदीक नींदड़ ग्राम में पिछले 14 सालों से प्रस्तावित है योजना
- करीब 327 हैक्टेयर भूमि पर काटी जानी थी योजना, 286 हैक्टेयर जमीन अवाप्ति की पहली अधिसूचना वर्ष 2010 में जारी हुई थी

जयपुर की मुख्य सीकर रोड पर ग्राम नींदड़ में जेडीए ने 14 साल पहले यहां बड़ी आवासीय योजना प्रस्तावित की थी। कई किसानों से योजना के नाम पर उनकी जमीन भी ले ली गई। ना तो योजना पूरी तरह धरातल पर उतर पाई और ना ही किसानों को अपनी जमीन देने के बावजूद इतने सालों में अब तक मुआवजा मिल पाया। यह योजना इतनी बड़ी है और यहां के मौजूदा बाजार भाव की बात करें तो इस अकेली योजना से जेडीए को करीब 700 करोड रुपए का राजस्व मिल सकता है। चार साल पहले किसानों के एक धड़े ने अधिक मुआवजे की मांग पर आंदोलन किया था। उसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

सूत्रों के मुताबिक नींदड़ आवास योजना करीब 327 हैक्टेयर में प्रस्तावित है। करीब 286 हैक्टेयर भूमि अवाप्ति के लिए पहली अधिसूचना 4 जनवरी 2010 को जारी की गयी थी। शेष 41.45 हैक्टेयर भूमि जविप्रा की स्वंय की भूमि है। भूमि अवाप्ति का अवार्ड दिनांक 31 मई 2013 को जारी किया गया। 41.27 हैक्टेयर भूमि का नकद मुआवजा सिविल कोर्ट में जमा कराया जा चुका है। अवाप्ति के खिलाफ काश्तकारों की ओर से दायर याचिकाओं को हाईकोर्ट खारिज कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 4 सितम्बर 2018 के अपने आदेश में अवाप्ति की प्रक्रिया को सही माना। करीब 600 खातेदार जेडीए के पक्ष में अपनी 122 हैक्टेयर भूमि समर्पित कर चुके हैं। योजना से प्रभावित करीब 600 खातेदार अपनी खुद की जमीन जेडीए को दे चुके हैं. इनमें से कई खातेदार पिछले 8 से 10 साल से अपनी जमीन देने के बदले मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। जल्द मुआवजा देने की मांग को लेकर नींदड़ आरक्षण पत्रधारी किसान संघर्ष समिति की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भी दिया।

जमीन देने वाले करीब 450 खातेदारों को जेडीए आरक्षण पत्र जारी कर चुका है। इन खातेदारों को 20 प्रतिशत आवासीय व पांच प्रतिशत व्यावसायिक भूमि देने का आरक्षण पत्र दे चुका है। गत 27 नवंबर 2017 को जेडीए ने करीब 90 खातेदारों को भूखंड आवंटित किए थे।

इन किसानों की मांग थी कि हम अपनी जमीन दे चुके हैं, हमारे पास रहने के लिए कोई जमीन नहीं बची है। ऐसे में मकान बनाने के लिए जेडीए ने लॉटरी के माध्यम से भूखंडों का आवंटन किया था लेकिन पूरा 25 प्रतिशत विकसित भूखंड का मुआवजा नहीं दिया गया था। करीब 150 खातेदार ऐसे हैं, जिन्होंने वर्ष 2020 तक जेडीए को अपनी जमीन समर्पित कर दी थी लेकिन जेडीए ने इन्हें 4 साल बीतने के बावजूद आरक्षण पत्र जारी नहीं किया है। इस तरह करीब 600 खातेदार या किसान योजना के लिए अपनी जमीन दे चुके हैं, लेकिन जेडीए ने इन्हें विकसित भूखंड का पूरा मुआवजा अब तक नहीं दिया है। जेडीए 1 जनवरी 2020 को यहां काम शुरू किया था लेकिन किसानों के एक धडे ने अधिक मुआवजे की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया बाद में इन किसानों की मांग को लेकर जेडीए और राज्य सरकार के स्तर पर बैठक भी हुई।

इस मौके की भूमि पर प्रस्तावित यह नींदड़ आवासीय योजना जेडीए का खजाना भर भर सकती है। क्योंकि यह योजना सीकर रोड पर 14 नंबर पुलिया से मात्र डेढ़ से 2 किलोमीटर दूरी पर है। योजना की भूमि सीकर रोड से बिल्कुल लगती हुई है। यहां आवासीय और व्यावसायिक बाजार भाव 40 हजार से एक लाख रुपए प्रति वर्ग गज तक हैं। इस कुल योजना का 40 फीसदी हिस्सा सुविधा क्षेत्र और सड़क के लिए प्रस्तावित है। करीब 25 फ़ीसदी जमीन किसानों को बतौर मुआवजे दी जानी है। इस तरह जेडीए के खुद के पास 35 फ़ीसदी जमीन बचेगी।

यहां का बाजार भाव तो जेडीए को करीब 700 करोड रुपए का राजस्व मिल सकता है। मुआवजे का इंतजार कर रहे किसानों को अब प्रदेश की नई सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं, उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा सरकार इस योजना को जरूर साकार करेगी।

# सनातन धर्म का 500 साल का इंतज़ार ख़त्म : दिया कुमारी

**जयपुर** (कासं)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को सिटी पैलेस स्थित सीतारामद्वारा में श्रीराम का पूजन किया। दिया कुमारी ने पूजा-अर्चना कर सम्पूर्ण प्रदेश के कल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने अंबाबाडी स्थित राममंदिर से विश्व हिन्दू परिषद की रामरथ यात्रा को रवाना किया। उपमुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्याधर नगर के प्रसिद्ध मंदिर ढेहर का बालाजी परिसर में बड़ी स्क्रीन पर लाईव देखा, प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने पर श्रीरामलला की आरती की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का उद्बोधन सुना। इस अवसर पर विद्याधर नगर के पार्षद, प्रमुख कार्यकर्ता औऱ गणमान्य नागरिक मौजूद थे। दिया कुमारी ने भारी संख्या में एकत्र आमजन को संबोधित करते हुए उन्हे इस ऐतिहासिक क्षण के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिन्दु धर्मावलंबियों का पाँच सौ सालों का इंतज़ार आज समाप्त हो गया। ये ऐतिहासिक घडी हमारे जीवन में आना केवल माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़निश्चय का परिणाम है। उन्होंने इससे पहले विद्याधर नगर के मंगलम विहार में कलश यात्रा और कार्यक्रम के बाद सेंट्रल स्पाइन व्यापार मंडल द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में भी भाग लिया।

## सार-समाचार

### निवारू रोड पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ



**जयपुर**। प्रभु श्रीराम की मूर्ति की अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सोमवार सुबह 11 बजे श्री निर्जेश्वर महादेव राधा गोविंद मंदिर गणेश नगर निवारू रोड में संगीतमय सुंदरकांड और भजनों का कार्यक्रम रखा गया। जहां वार्ड 43 की पार्षद अर्चना शर्मा व समाजसेवी कन्हैयालाल प्रधान ने क्षेत्र के कार सेवकों को भगवान श्री राम की तस्वीर भेंट कर उनका सम्मान किया गया। अरूण भारद्वाज ने पार्षद अर्चना शर्मा व समाजसेवी कन्हैयालाल प्रधान का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### प्रेसिडेंट एकादश ने मैच जीता



**जयपुर**। माथुर सभा की ओर से आज़ाद मैदान जगतपुरा में रविवार को वार्षिक क्रिकेट मैच खेला गया। प्रेसिडेंट इलेवन ने यह मैच 3 विकेट से जीता। वाईस प्रेसिडेंट इलेवन ने 131 रन बनाय। ऋषभ ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। अमन, अक्षत और अतिन ने 2-2 विकेट चटकाय. जवाब में प्रेसिडेंट इलेवन ने 7 विकेट पर यह लक्ष्य हासिल किया। मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ ने 3 विकेट लिए और बेस्ट बैट्समैन कार्तिक को दिया गया।

### हनुमान चालीसा पाठ व पौषबड़ा कार्यक्रम



**जयपुर**। श्री राधे गोविंद मंदिर केश्यावाला श्योसिहपुरा में अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में हनुमान चालीसा व पौषबड़ा कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित किया गया। भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसादी वितरित की गई।

### राम भक्तों ने निकाली प्रभातफेरी



**जयपुर**। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वार्ड नंबर 86 में सोमवार सुबह नगर भ्रमण और प्रभात फेरी निकाली गई। भव्य झांकी के साथ स्थानीय लोगों ने नगर भ्रमण किया। कई जगहों पर प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा की गई। पूरा माहौल राम मय हो गया, इस मौके पर सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे। इनमें मनोज गोतोड़, राज भँवर सिंह, गिरवर सिंह, रतन लाल गुप्ता, घनश्याम खंडेलवाल, मोहन लाल, भवानी सिंह, गिराज सेन, राजेंद्र सिंह व हनुमान कुमावत मौजूद थे।

### राममय माहौल के बीच सुन्दरकांड पाठ



**जयपुर**। सारस्वत ब्राह्मण समाज जिला जयपुर, सारस्वत महिला मण्डल और सारस्वत युवा मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विश्वगुरू दीप आश्रम श्यामनगर, सोडाला में भव्य सुंदरकांड और भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। सारस्वत ब्राह्मण समाज के महामंत्री सुरेश सारस्वत ने बताया संरक्षक अजय ओझा द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ समाज बंधुओं ने विद्वान पंडितों के साथ विधिवत सुंदरकांड का पाठ किया और देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की। रवीन्द्र शर्मा ने शक्ति और भक्ति से ओतप्रोत भजन सुनाया। प्रसिद्ध शेफ शकुन्तला ओझा ने हाथ से बनाये पेड़ों की प्रसादी का वितरण किया। शकुंतला ओझा व डॉ. सरीना कालिया को सम्मानित किया गया। अशोक ओझा और अरुण ओझा ने बताया ये उनका 590 वाँ सुंदर कांड पठन है। सारस्वत महिला मण्डल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि उपस्थित समाज बंधुओं ने राम मय माहौल में भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम का संचालन आर. जे. राखी शुक्ला, उपाध्यक्ष सारस्वत महिला मंडल तथा रविंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर पौषबड़े का आयोजन भी किया गया।

### गौशाला में दीप महोत्सव का आयोजन

**जयपुर**। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रथिष्टा को लेकर जयपुर के मंदिरों के अलावा प्रदेश की गौशालाओं में भी भव्य आयोजन हुए। श्रीपिंजरापोल गौशाला, टोंक रोड, जयपुर में भारतीय गौशाला सहयोग परिषद व श्रीपिंजरापोल गौशाला समिति के संयुक्त् तत्वावधान में प्रातः पंचगव्य से गौमाता का स्नान कराया गया। परिषद के संरक्षक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि साथ ही गौठान की साफ-सफाई कर शाम को लाइटिंग की गई। गौशाला परिसर में देर रात तक गौमाता को रामधुनी सुनाई गई। शाम 4 बजे सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद भगवान राम दरबार का पूजन कर भक्तों ने गौमाता का अभिषेक किया। देर शाम को गौशाला परिसर में गाय के गोबर से बने 5100 दीपकों से दीप महोत्सव मनाया गया। दीप महोत्सव के बाद गौभक्तों के लिए प्रसादि का भी आयोजन किया गया।

### 9 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान के तहत विधायकपुरी एवं रामगंज थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 09 किलों 740 ग्राम गांजा और 1 किलो 920 ग्राम भांग बरामद किया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने विधायकपुरी व्न रामगंज इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने श्रवण यादव (28) निवासी सामोद जिला जयपुर ग्रामीण,राजेश उर्फ राजू यादव (30) निवासी गोविंदगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण और गंगा साह (56) निवासी बेलहर जिला बांका (बिहार) हाल रामगंज को गिरफ्तार कर 9 किलों 740 ग्राम गांजा और 1 किलो 920 ग्राम भांग बरामद की है।